# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 04.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **झारखंड हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया–आयुष्मान योजना में उम्र सीमा तय करना सरकार का नीतिगत अधिकार, 60 वर्ष से अधिक के सभी बुजुर्गों को योजना में शामिल करने की मांग खारिज।**
- **डालटनगंज से मुंबई के लिए सीधी साप्ताहिक ट्रेन को मिली मंजूरी, सांसद वी.डी. राम 7 अप्रैल को दिखाएंगे हरी झंडी।**
- **पलामू और हजारीबाग में पुलिस ने दो चर्चित हत्याकांड का किया खुलासा, मुख्य शूटर सहित 10 आरोपियों को किया गिरफ्तार।**
- **राज्य में 9 अप्रैल तक आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट, वज्रपात की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने दी चेतावनी।**
- **रांची में सब–जूनियर हॉकी चैंपियनशिप के चौथे दिन हिमाचल और तमिलनाडु ने दर्ज की बड़ी जीत, 9 अप्रैल से शुरू होंगे नॉकआउट मुकाबले।**

****************

झारखंड उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज के लिए आयु सीमा तय करना सरकार का नीतिगत अधिकार है। मुख्य न्यायाधीश एम.एस. रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने 60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को इस योजना में शामिल करने की जनहित याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि 70 वर्ष से ऊपर के नागरिकों को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य कवर देना सरकार की नीति है और इसमें किसी प्रकार के भेदभाव का आधार नहीं दिखता। हालांकि, अदालत ने याचिकाकर्ता को आंकड़ों के साथ सरकार के समक्ष अपनी बात रखने की छूट दी है।

****************

सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयासों से डालटनगंज और गढ़वा रोड होकर मुंबई के लिए सीधी ट्रेन सेवा को स्थायी मंजूरी मिल गई है। आगामी 7 अप्रैल को सुबह साढ़े चार बजे डालटनगंज स्टेशन पर सांसद इस साप्ताहिक एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस नई सुविधा से क्षेत्र के विकास और यात्रियों की सुविधा को बढ़ावा मिलेगा।

****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के आर्यभट्ट सभागार में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्षगांठ समारोह को संबोधित किया। उन्होंने 562 रियासतों के विलय में पटेल के ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को भारत के गौरव और अखंडता का प्रतीक बताया।

**साउंड बाइट–संतोष कुमार गंगवार ऑन जयंती–16 सेकेंड**

****************

झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश महेश शरद चंद्र सोनक ने आज पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा न्यायालय का दौरा किया। पारंपरिक ढोल–नगाड़ों के साथ हुए भव्य स्वागत के बाद, उन्होंने नवनिर्मित बार भवन और न्यायिक सुविधाओं का जायजा लिया। अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने वरिष्ठों के सम्मान और कनिष्ठों के सही मार्गदर्शन पर जोर दिया।

****************

मुख्य न्यायाधीश सरायकेला जिला व्यवहार न्यायालय का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने न्यायिक व्यवस्थाओं और आधारभूत संरचनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और न्यायिक पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं के साथ संवाद किया।

****************

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ की अनुशंसा पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से सोनाहातू की सत्यवती देवी को बड़ी राहत मिली है। उनके गंभीर इलाज के लिए तीन लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। संजय सेठ ने इस मानवीय मदद के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए मरीज के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

****************

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्र सरकार द्वारा राज्य की 4 हजार 345 पंचायतों के लिए 2 हजार 254 करोड़ रुपये के आवंटन की सराहना की है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मिली यह राशि राज्य गठन के बाद की अब तक की सबसे बड़ी वार्षिक सहायता है। इस ऐतिहासिक सहयोग के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

****************

आईआईटी आईएसएम धनबाद में 6 अप्रैल से दो दिवसीय प्रतिष्ठित कार्यक्रम इंवेंटिव 2026 का आयोजन होने जा रहा है। राज्यपाल संतोष गंगवार दोपहर साढ़े बारह बजे इसका उद्घाटन करेंगे। संस्थान के निदेशक सुकुमार मिश्रा ने बताया कि इस आयोजन में देश के 15 आईआईटी संस्थान और कई स्टार्टअप्स अपने शोध प्रदर्शित करेंगे। सफल नवाचारों को फ्रांस में अपना प्रोजेक्ट दिखाने का अवसर मिलेगा।

****************

धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में दस दिवसीय पुस्तक मेले का शुभारंभ हो गया है। उद्घाटन करते हुए विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने कहा कि किताबें समाज को दिशा देने और नई सोच पैदा करने का सशक्त माध्यम हैं।

****************

रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने भू–राजस्व मामलों की समीक्षा के दौरान अनियमितताओं पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कांके अंचल में अवैध निर्माण के मामले में एक राजस्व कर्मचारी को तुरंत निलंबित करने और अनगड़ा में म्यूटेशन लंबित रखने पर शोकॉज जारी करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को छोटे भूखंडों के म्यूटेशन मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने की हिदायत दी है।

****************

पलामू के मेदिनीनगर में मोहम्मद समीर हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पांकी में हुई मुठभेड़ के बाद मुख्य शूटर फैज खान को पैर में गोली लगने के बाद दबोच लिया गया, जबकि उसके दो अन्य सहयोगी भी गिरफ्तार हुए हैं। जांच में सामने आया कि जमीन विवाद के कारण 2 लाख रुपये की सुपारी देकर यह हत्या कराई गई थी। पुलिस ने साजिश रचने वाले दो अन्य आरोपियों को भी हिरासत में ले लिया है।

****************

हजारीबाग पुलिस ने रामनवमी जुलूस के दौरान झंडा चौक पर हुई अभिषेक कुमार की हत्या मामले का खुलासा कर दिया है। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि नशे की हालत में मामूली विवाद के बाद आरोपियों ने तलवार और चाकू से हमला किया था। एसआईटी ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पांच युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद कर लिए हैं।

****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईस्टर के पावन अवसर पर देश–विदेश में रहने वाले ईसाई समुदाय और सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह के पुनर्जीवित होने का यह दिन हमें सत्य, प्रेम और करुणा की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी से आपसी सद्भाव, शांति और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करने का संकल्प लेने की अपील की।

****************

मौसम विभाग ने 9 अप्रैल तक राज्य के कई हिस्सों में तेज आंधी, ओलावृष्टि और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने और खराब मौसम में घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी है।

****************

रांची के मारंग गोमके एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में जारी 16वीं सब–जूनियर महिला नेशनल हॉकी चैंपियनशिप के चौथे दिन आज कड़े मुकाबले देखने को मिले। पूल–बी के एक बेहद रोमांचक मैच में उत्तराखंड और चंडीगढ़ की टीमें 2–2 की बराबरी पर रहीं। वहीं, एक अन्य मुकाबले में हिमाचल ने कर्नाटक को 3–1 से हराकर महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। पूल–ए में तमिलनाडु ने असम पर 5–1 से बड़ी जीत दर्ज की। टूर्नामेंट के नॉकआउट मुकाबले 9 अप्रैल से शुरू होंगे।

**********समाप्त***********